हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
सोमवार
२ जून २०२५, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, सप्तमी, विक्रम संवत २०८२, बरेली

**PAGE NO: 05 BOTTOM**

# डॉपलर की भूमिका पर वर्कशाप

**बरेली, वरिष्ठ संवाददाता।** एसआरएमएस मेडिकल कालेज में रविवार को स्त्री एवं प्रसूति रोग में डॉपलर की भूमिका पर वर्कशाप आयोजित हुई। प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की ओर से आयोजित इस वर्कशाप में 50 से अधिक प्रतिनिधियों ने यूएसजी डॉपलर पर प्रशिक्षण लिया।

विशेषज्ञ फैकल्टी एवं मास्टर ट्रेनर डॉ. भारती गहटोरी ने वर्कशाप में डॉपलर तकनीक के सभी पहलुओं, गर्भावस्था के उपचार और प्रबंधन में इसकी भूमिका और इसके उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर एसआरएमएस मेडिकल कालेज स्थित प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की अध्यक्ष डॉ. शशि बाला नेबरेली आब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलाजी सोसायटी की अध्यक्ष डॉ. लतिका अग्रवाल, डॉ. प्रगति अग्रवाल, डॉ. मृदु अग्रवाल और डॉ. रुचिका गोयल ने विचार साझा किए।



एसआरएमएस में वर्कशाप में मास्टर ट्रेनर डॉ. भारती गहटोरी को किया गया सम्मानित।